# जैव विविधता को ले एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

पत्रकार नगर,खगड़िया, 25 सितम्बर (तरूणमित्र)। बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद एवं वन प्रमंडल बेगुसराय के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन बछौता स्थित एक रिसॉर्ट में किया गया, जिसका उद्घाटन पटना से पधारे पर्षद के संयुक्त निदेशक हेमकांत राय , उप निदेशक मिहिर कुमार झा तथा बेगुसराय के वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक सिंह ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण कार्यशाला में जिले के खगड़िया प्रक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर गठित जैव विविधता प्रबंध समिति के अध्यक्षों/सचिवों/सदस्यों की क्षमता विकास हेतु कई तकनीकी जानकारियां दी गई। कार्यशाला में खगड़िया, अलौली, मानसी, चौथम, बेलदौर , गोगरी तथा परबत्ता प्रखंड



के अध्यक्ष, सचिव, सदस्य तथा संबंधित पंचायतों के अन्य ग्रामीणों ने विशेषज्ञों द्वारा दी गई जानकारियां विस्तृत रुप से प्राप्त किया। कार्यशाला में 135 व्यक्तियों ने भाग लिया। प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण सामग्रियां भी दी गई। वनों के क्षेत्र पदाधिकारी, खगड़िया राजकुमार ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। व्यवस्था बनाए रखने में खगड़िया की वन विभाग की कर्मी शिवानी कुमारी कार्यक्रम शुभारंभ से समापन तक विधि व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका का निर्वाह की। बिहार जैव विविधता पर्षद, पटना के संयुक्त निदेशक हेमकांत राय ने कहा आज आवश्यकता है लोगों को जैव विविधता के प्रति जागरूक करने की। उन्होंने जैव विविधता प्रबंधन समितियों के कार्य, कर्तव्य और दायित्व के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा पृथ्वी पर पाए जाने वाले जीव के विभिन्न रूप हम मनुष्यों के साथ साथ सभी जीवों की आवश्यकताओं की पूर्ति हमारी जैव संपदाओं द्वारा ही संभव है।